उत्तराखण्ड विधान सभा

उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

मंगलवार, 12 बैशाख, शक संवत्, 1939

(दिनांक : 02 मई, 2017)

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी "**क**")।

2. निधन के निदेश।

3. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2017 के प्रथम सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य–संचालन नियमावली, 2005 के नियम–300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या–14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

4. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद–151(2) के अधीन भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत उत्तराखण्ड सरकार के ''31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन'' संख्या–1 एवं ''31 मार्च, 2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए राज्य के वित्त पर भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन'' (वर्ष 2016 का प्रतिवेदन संख्या–2) सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम–315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी–''**ख**'')

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल और सेवा कर विधेयक, 2017 पर विचार किया जाय। (1घण्टा)

12. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल और सेवा कर विधेयक, 2017 पारित किया जाय।

13. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2017 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

14. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2017 पारित किया जाय।

15. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 01 मई, 2017

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

द्वितीय सत्र, 2017
का प्रथम मंगलवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

की कार्यसूची

मंगलवार, 12 बैशाख, शक संवत्, 1939

(दिनांक : 02 मई, 2017)

नत्थी ''क''

अल्पसूचित प्रश्न

श्री काजी मौ0 निजामुद्दीन 26.04.2017 श्री प्रीतम सिंह 27.04.2017	** क्या आबकारी मंत्री अवगत है कि प्रदेश में शराब विरोधी आन्दोलन उग्र रूप ले चुका है? यदि हॉ, तो क्या सरकार प्रदेश में शराब को पूर्ण रूप से यथाशीघ्र बन्द करने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?	**आबकारी**

नत्थी–"ख"

कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 01 मई, 2017 की बैठक में दिनांक 02 मई, 2017 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नवत रखे जाने की सिफारिश की है:–

मई, 2017

02 मंगलवार

विधायी कार्यः–

1. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर विधेयक, 2017 पर विचार एवं पारण। (1 घण्टा)
2. उत्तराखण्ड आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2017 पर विचार एवं पारण। (15 मिनट)